# (प्रश्न- पत्र की रूपरेखा) (2024-25)
## विषय : संस्कृत
## कक्षा : दसवीं

समय : 3 घण्टे

अंक = 80
आन्तरिक मूल्यांकन = 20
कुल अंक = 100

- प्रश्नपत्र में कुल 8 प्रश्न होंगे।
- प्रश्न पत्र में दो भाग ( क तथा ख) होंगे ।
- अति लघूत्तर प्रश्न ( वस्तुनिष्ठ प्रश्न ) प्रश्न-पत्र के भाग क में कुल एक-एक अंक के 30 प्रश्न होंगे।
- सभी प्रश्न हल करने अनिवार्य होंगे ।

| | | |
|---|---|---|
| | **भाग – क**<br>**अति लघूत्तर प्रश्न ( वस्तुनिष्ठ प्रश्न )** | |
| 1 | प्रश्न एक में मिलान से संबंधित अथवा हाँ/नहीं अथवा सही/गलत अथवा बहुवैकल्पिक उत्तरों वाले, किसी भी प्रकार के **प्रश्न** पूछे जा सकते हैं । | |
| | (i) पाठ्यक्रम में दी गई सन्धियों में से सात शब्द सन्धि / सन्धि विच्छेद के लिए दिये जाऐं । जिनमें से किन्हीं पाँच शब्दों के उत्तर लिखने को कहा जाए । | 5x1=5 |
| | (ii) पाठ्यक्रम में दी गई उपसर्ग में से सात उपसर्ग देकर पाँच की धातु अलग करने के लिए कहा जाए । | 5x1=5 |
| | (iii) निर्धारित धातुओं के साथ प्रत्यय लगाने के लिए सात धातुएं तथा प्रत्यय दिए जाएं, जिनमे से पाँच धातुओं के साथ प्रत्यय लगाने को कहा जाए ।<br>अथवा<br>पाठ्य पुस्तक के अभ्यासों में आए अव्ययों में से सात अव्यय देकर पाँच को वाक्यों में प्रयोग करने के लिए कहा जाए । | 5x1=5 |
| | (iv) पाठ्यक्रम में दिए गये संज्ञा शब्द रूपों में **अथवा** हलन्त् और सर्वनाम शब्द रुपों में से सात शब्दरूपों में से प्रश्न पूछे जायें जिनमें से केवल पाँच शब्दों के उत्तर लिखने को कहा जाए । | 5x1=5 |
| | (v) पाठ्यक्रम में दिए गये धातु रूपों में से संबंधित सात धातुरूपों में प्रश्न पूछे जायें जिनमें से केवल पाँच का उत्तर लिखने को कहा जाए । | 5x1=5 |
| | (vi) पाठों के अभ्यासों में से सात संस्कृत शब्द दिए जाएं जिनमें से पाँच शब्दों का हिन्दी में अर्थ लिखने को कहा जाए । | 5x1=5 |

| | | |
|---|---|---|
| | **भाग –ख** | |
| **2** | तीन गद्यांश दिए जाएं जिनमें से दो का अनुवाद हिन्दी या पंजाबी या अंग्रेज़ी में करने को कहा जाए । | 2x5=10 |
| **3** | तीन पद्य दिए जाएं जिनमें से दो का प्रसंग सहित अर्थ हिन्दी या पंजाबी या अंग्रेज़ी में लिखने को कहा जाए।एक अंक प्रसंग का चार अंक अर्थ के निर्धारित है । | 2x5=10 |
| **4** | पाठों के अभ्यासों में से छ:प्रश्न हिन्दी में पूछे जाएं , जिनमें से चार का उत्तर हिन्दी में लिखने को कहा जाए । | 4x2=8 |
| **5** | संस्कृत में छ: प्रश्न दिए जाएं । जिनमें से चार का उत्तर संस्कृत में लिखने को कहा जाए । | 4x2=8 |
| **6** | उपपद सम्बन्धी अशुद्धि वाले सात वाक्य दिये जाएं जिनमें से पाँच वाक्यों को शुद्ध करने को कहा जाये ।<br>**अथवा**<br>शब्द रूप तथा धातु रूप पर आधारित रिक्त स्थानों की पूर्ति । पुस्तक के अभ्यासों में से सात वाक्य दिए जाए जिनमें से पाँच करने को कहा जाए । | 5x1=5 |
| **7** | पाठ्य पुस्तक में से कोई एक गद्याँश देकर उसी मे से संस्कृत में दो सरल प्रश्नोत्तर पूछे जाएं । | 2x2=4 |
| **8** | पाठ्यक्रम में निश्चित् तीन निबंध देकर किसी एक विषय पर संस्कृत में लगभग 80 शब्दों में निबंध लिखने को कहा जाए ।<br>**अथवा**<br>हिन्दी के 8 वाक्य दिए जाएं जिनमें से पाँच वाक्यों का संस्कृत में अनुवाद करने को कहा जाए । | 5x1=5 |